-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 03.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मोहल्ला सूतरखाना में चल रही अवैध नकली एवं अपमिश्रित गुटखा निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**
- **मौके से लगभग 05 लाख रुपये की कीमत का निर्मित, अर्द्धनिर्मित गुटखा व गुटखा बनाने की सामग्री, रैपर, सीलिंग मशीन आदि बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा नशीले पदार्थों का उत्पाद/बिक्री करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के निकट पर्यवेक्षण एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के नेतृत्व में आज दिनांक 03.04.2026 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से संचालित हो रही गुटखा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। मौके से गुटखा बनाने वाली मशीन अर्द्धनिर्मित गुटखा व गुटखा बनाने की सामग्री आदि सामान भारी मात्रा में बरामद किया गया। गौरतलब हो कि पुलिस को सूचना मिली कि सूतरखाना निवासी रंजीत राजपूत के मकान में कुछ लोगों द्वारा अवैध गुटखा का निर्माण किया जा रहा है। सूचना का संज्ञान लेते हुए थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा टीम के साथ मौके पर छापेमारी करते हुए अवैध गुटखा का निर्माण करते हुए 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अखिलेश पुत्र जगतनारायण निवासी कालवनगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
2. राकेश पुत्र रामप्रसाद निवासी सूतर खाना थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
3. तीरथ पुत्र कामता प्रसाद निवासी मर्दन नाका थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
4. बसंत पुत्र इन्द्रदत्त निवासी खुटला थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

बरामदगी-

- 01 गुटखा पैकिंग मशीन
- 02 बोरी मिश्रित तम्बाकू कटी सुपारी वजन 114.2 किलोग्राम
- 03 बोरी जबर पुड़िया वजन 100.7 किलोग्राम
- 03 बण्डल जबर लिखित रैपर वजन 21 किलोग्राम
- 01 इलेक्ट्रानिक तराजू

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0- 174/26 धारा 274/275/345/318/117(2) बीएनएस व 59 खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. श्री बलराम सिंह प्र0निरी0 कोत0 नगर
2. श्री प्रीत कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी मण्डी समिति
3. उ0नि0 श्री अनिल मिश्रा
4. कां0 सौरभ यादव
5. कां0 सतीश
6. कां0 मनीष
7. कां0 चन्दन
8. कां0 प्रशान्त